



RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:94 | TUESDAY, DATE: 19-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### कांग्रेस-कलह : फूंक-फूंककर कदम रख रहे राजा वड़िंग

## जाखड़ को 'अदब' से सलाह देकर, आशु की हिमायत कर गए कांग्रेस प्रदेश प्रधान

**सिद्धू को क्लीन-चिट दी, आप सरकार को अभी मोहलत, मैच्योर नेता बनने जैसे संकेत**

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। पंजाब कांग्रेस में घमासान के चलते पार्टी की विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद एक तरह से 'कांटों वाला ताज' विधायक अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के सिर पर रखा गया। लिहाजा कांग्रेस प्रदेश प्रधान बनने के बाद वह पहली बार मंगलवार को लुधियाना दौरे पर आए तो एकदम बदले-बदले दिखे। यहां गौरतलब पहलू है कि चुनावी-हार के साथ सबसे बड़े जिले लुधियाना में कांग्रेस अपना खाता तक नहीं खोल सकी और अभी तक गुटबाजी जारी है। लिहाजा इन सारे हालात के मद्देनजर पार्टी प्रधान राजा वड़िंग ने एक मंझे नेता की तरह पार्टी नेताओं से लेकर मीडिया से रु-ब-रु होते बड़े संभलकर बात की। असंतुष्ट गुट के एक नेता द्वारा पंजाब कांग्रेस में कार्यकारी प्रधान नियुक्त करने पर विरोध को लेकर वड़िंग ने साथ मौजूद पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु का बचाव करते दलील दी कि यह पार्टी नेतृत्व की रणनीति है। ताकि संगठन में टीम-वर्क की भावना मजबूत हो सके। वहीं, पूर्व प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़



द्वारा विवादित बयान के मामले में कांग्रेस हाईकमान के शो-कॉज नोटिस का जवाब न देने के सवाल पर बोले, वह सीनियर नेता है, लिहाजा उनको अपनी बात रखते हुए जवाब जरुर देना चाहिए था। पूर्व प्रदेश प्रधान नवजोत सिद्धू से रिश्तों में खटास के मुद्दे पर नपे-तुले अंदाज में बोले कि अगर वह अलग बैठकें कर रहे हैं तो इसमें कुछ गलत नहीं, बेशक पार्टी विरोधी बैठक कोई करे तो एतराज होना चाहिए। उनके द्वारा फोन कॉल रिसीव नहीं करने पर भी सफाई दी कि बाद में बातचीत हो गई थी, उन्होंने पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया है। अपने खिलाफ बोलने वाले एक नेता को सीधे पार्टी से निकालने पर बचाव में कांग्रेस प्रदेश प्रधान ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकार के साथ अनुशासन जरुरी है। अनुशासनहीनता के चलते ही पार्टी विस चुनाव में हारी थी। अब सबको एकजुट कर पार्टी में लोकतंत्र भी मजबूत करने की कवायद जारी है। आप सरकार को फिलहाल मोहलत देने वाले मूड में राजा वड़िंग अपने मिजाज के उलट नरम लहजे में बोले कि अभी थोड़ा वक्त हुआ है, तीन महीने बाद सरकार के कामकाज की सही समीक्षा हो पाएगी। जैसे 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का अभी ऐलान किया है, नोटिफिकेशन जारी होने पर हकीकत पता चलेगी। साथ ही आप सरकार को सलाह दी कि एसवाईएल पंजाब की अस्मिता से जुड़ा मामला है, इसकी पैरवी सीनियर वकीलों के जरिए होनी चाहिए। कांग्रेस प्रदेश प्रधान पूर्व विधायक सुरिंदर डावर के घर पर पहुंचे तो इस मौके पर मेयर बलकार संधू, पूर्व मंत्री आशु व पूर्व विधायक संजय तलवाड़ सहित कई नेता मौजूद रहे। हालांकि गुटबाजी का असर यहां भी नजर आया, कई ऐसे नेता नदारद थे, जो पार्टी में लंबे वक्त से जुड़े हैं।

### पंजाब में मनी एक्सचेंजर से बड़ी लूट

## लाखों की नकदी लेकर हो गये फरार





लुधियाना 19 अप्रैल: महानगर में एक बार फिर से अपराधियों ने अपना दबदबा दिखा दिया है और पुलिस सुरक्षा तंत्र को सेंध लगाते हुए एक बड़ी लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में मनी एक्सचेंजर को शिकार बनाते हुए लुटेरों ने करीब 10.50 लाख की नकदी छीन ली और पीड़ित को धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। यह घटना आज दाना मंडी क्षेत्र गिल रोड पर हुई है, जिसमें आरोपियों ने एक सुनियोजित साजिश के तहत मनी एक्सचेंजर को रास्ते में ही घेर कर लूट लिया। घटना की जानकारी मिलने पर थाना शिमलापुरी की पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच करनी शुरू कर दी है। पीड़ित ने जानकारी देते बताया कि आज शाम जब वह पेमैंट लेकर अरोड़ा पैलेस के करीब आ रहा था तो कुछ संदिग्ध युवकों ने उसे रास्ते में ही रोक लिया और तेजधार हथियारों की नोक पर रुपयों वाला बैग छीन लिया। जब उसने देने से मना किया तो उनमें से एक आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते नकदी वाला बैग छीनकर मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। पीड़ित ने शोर भी मचाया लेकिन तब तक आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने पीड़ित के बयान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके के सी.सी.टी.वी. फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान हो सके।

### महानगर में चोरों का आतंक, मारा बड़ा हाथ

## गारमेंट्स मार्केट गांधी नगर में चोरों ने दुकान से 30 लाख लूटे

**दोपहिया वाहन पर आए छह शातिर चोर मार्केट बंद देखकर दुकान में हुए दाखिल**

लुधियाना / यूटर्न / 19 टर्न। शातिर चोर इन दिनों शहरभर में हर तरफ धावा बोल पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। इस बार चोरों के गैंग ने महानगर की होलसेल गारमेंट्स मार्केट गांधीनगर में बड़ा हाथ मारा। वे यहां एक दुकान से करीब 30 लाख रुपये की नकदी समेट ले गए। शातिर चोरों ने सोमवार का दिन चुना, इस दिन यह मार्केट बंद रहती है। पुलिस ने दुकान, आसपास के




सीसीटीवी की फुटेज खंगाली तो पता चला कि दिन ढलने के बाद करीब साढ़े सात बजे इस मार्केट में कपिल गारमेंट्स की दुकान तक दोपहिया वाहनों पर सवार छह लोग पहुंचे। फिर दुकान में घुसकर वहां से नकदी चोरी करके फरार हो गए। बेखौफ चोर दुकान के अंदर लगभग 25 मिनट तक इत्मीनान से कैश तलाशते रहे और किसी को अंदर चोरों के होने की भनक तक नहीं लग सकी। जब सूचना मिली तो पुलिस में हड़कंप मच गया और थाना डिवीजन चार के इंचार्ज गुरप्रीत सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस को आशंका है कि दुकान का कोई मौजूदा या काम छोड़ चुका वर्कर चोरों के साथ मिला सकता है। दरअसल अगर किसी दूरदराज इलाके से चोर आए होंगे तो उनको इतनी सटीक जानकारी कैसे मिली होगी कि किस बंद दुकान में इतना सारा कैश रखा होगा।

## धार्मिक-विवाद : गिरफ्तार शिअद मुस्लिम विंग के प्रदेश प्रधान पर थाने में हमले से बना तनाव

**भगवान राम का कार्टून फेसबुक पर अपलोड करने के मामले में आरोपी**

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। फेसबुक पर भगवान राम का कार्टून बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने के मामले में मंगलवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। दरअसल थाना टिब्बा पुलिस ने इस मामले में शिअद की मुस्लिम विंग के प्रदेश प्रधान फुरकान बबलू कुरैशी को गिरफ्तार किया था। आज थाने में आरोपी पर हमला होने के बाद दो समुदायों के



लोग आमने-सामने हो गए। हालांकि पुलिस ने मौका संभालने के बाद हमले में घायल आरोपी को सिविल अस्पताल में दाखिल करा वहां सुरक्षा प्रबंध भी किए। जानकारी के मुताबिक शहर की गुलाबी बाग कालोनी निवासी आरोपी फुरकान कुरैशी के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए भाजपा व धार्मिक संगठनों ने कल धरना प्रदर्शन भी किया था। आज आरोपी को अदालत में पेश किया जाना था। बताते हैं कि भगवान राम का कार्टून फेसबुक पर अपलोड करने पर विरोध के बाद भी आरोपी ने दोबारा वही हरकत दोहराई तो लोग भड़क गए थे।

## मर्ज बढ़ने के बाद दवा

महानगर में अरसे से शहरियों को परेशान करने वाली कई प्रमुख समस्याएं बरकरार हैं। इन बुनियादी दिक्कतों का कभी कोई हल ढूंढने के लिए कभी ठोस प्रयास संबंधित विभागों में नहीं किए। नतीजतन मर्ज बढ़ने के बाद दवा करने पर लाइलाज वाली स्थिति बन चुकी है। सबसे ताजा मसला नगर निगम के कचरा डंप की है, जहां कूड़े के पहाड़ बन चुके हैं। यह ज्वलंत समस्या दिल्ली की तर्ज पर नामुराद बीमारी बन चुकी है। करीब साल से गारबेज मैनेजमेंट का काम भी ठप होने से इतना ज्यादा कूड़ा-कचरा वहां इकट्ठा हो चुका है कि उसके निपटारे में लंबा वक्त लगना है। ऐसे में ही कचरे के डंप में आग लगी, जो पांचवे दिन भी सुलग रही है। जहरीले धुएं से आसपास रहने वाले लोगों का जीना दूभर है। गौरतलब है कि कचरे से मीथेन नामक जहरीली गैस निकलती है, जो मानव शरीर में कई प्रकार की बीमारियां पैदा करती है। जिस वजह से वहां रह रहे आस-पास के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हा। अब ऐसी विकट स्थिति में सुलगते कचरे का निपटारा करना और बड़ी चुनौती बन चुका है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## पद्मश्री पंकज उदास की नई गजल-एलबम जल्द

### संस्कृति मंत्रालय कराएगा सभ्याचरक प्रोग्राम पंजाब के कई शहरों में, आएंगे पंकज उदास

संदीप शर्मा

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। करीब चार दशक से गायकी के जरिए गजल को नई जिंदगी देने वाले नामवर सिंगर्स की अगली कतार में शामिल पद्मश्री पंकज उदास लुधियाना स्पेशल स्टेज प्रोग्राम में आए थे। इस दौरान 'यूटर्न टाईम' के साथ खास बातचीत में उन्होंने संगीत-जगत से जुड़े तमाम मुद्दों पर बेबाकी से अपने जज्बात सांझा किए।

**Q** हुई महंगी बहुत ही शराब' जैसी आम आदमी की पसंदीदा गजल फिर कब सुनने को मिलेगी ?

**A** जल्द ही आप सबकी यह हसरत पूरी होगी, लेकिन गजल-एलबम की तैयारी चल रही है, उसके बारे फिलहाल बता पाना मुनासिब नहीं होगा।

**Q** आपने लीक से हटकर गजलों को कैसे चुना कि वो आम आदमी के बीच मशहूर हो गईं?

**A** मैंने ऐसे शायरों के कलाम लिए या खासतौर पर



लिखवाए, जिनकी गजलें खास के साथ आम लोगों को समझ आ सकें। नतीजतन गजल को खास लोगों के दायरे से बाहर निकालकर सबके बीच लाने का टारगेट



कामयाब हो गया।

**Q** शोर-शराबे वाले गीत-संगीत के पीछे दीवानी आज की जेनरेशन को भी साथ जोड़ने के बारे में भी कोई विचार किया है ?

**A** यह वाकई संजीदा मुद्दा है, नई पीढ़ी जाहिर तौर पर बदलाव पसंद करती है, दौर बदलने के साथ संगीत के क्षेत्र में भी बदलाव आए हैं। उनको भी एक्सेप्ट करना पड़ेगा। हां, फिर भी मेरी कोशिश यही है कि गजल-गायकी को इस दौर में भी जिंदा रखा जाए।

**Q** आपकी कोशिशें अपनी जगह हैं, मगर गजल-गायकी हो या शास्त्रीय संगीत, इनके शो इंडोर होते हैं और श्रोता भी सीमित हैं, इस पर क्या कहेंगे?

**A** बेशक पंजाब की तर्ज पर सभ्याचारक अखाड़े जैसे मंच इसमें मददगार होंगे। हमारी कोशिशों के साथ ही केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने भी सराहनीय पहल की है। उसके चंडीगढ़ में हुए शो में मैंने भी बीते दिनों प्रस्तुति दी थी। जल्द ही जालंधर, अमृतसर और पंजाब के कुछ अन्य इलाकों में ऐसे शो होने हैं, उनमें मेरी भी मौजूदगी रहेगी।

**Q** पंजाब की जनता के लिए कोई संदेश ?

**A** करीब चालीस साल से इस फील्ड में रहने के दौरान देश-दुनिया के साथ ही जिंदादिल पंजाबियों को मुझे जो भरपूर प्यार मिला, यही सिलसिला जारी रखें, उससे गजल का वजूद भी मजबूत होगा।

# मॉडल टाउन मार्केट के दुकानदारों ने नवनियुक्त थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

**गोल्डी के नेतृत्व में पुलिस प्रमुख का किया सम्मान, समस्याओं के समाधान की अपील**



लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। मॉडल टाउन मार्केट गुलाटी चौक के दुकानदारों ने भगविंदर पाल सिंह गोल्डी के नेतृत्व में मॉडल टाउन के नवनियुक्त थानाध्यक्ष वीरिंदर पाल सिंह उप्पल से मुलाकात की और इस अवसर पर थाना प्रमुख को मार्किट में दुकानदारों की समस्याओं से अवगत कराया, मौके पर पुलिस प्रमुख उप्पल ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इस मौके पर मार्केट के युवा नेता भगविंदर पाल सिंह गोल्डी ने थानाध्यक्ष को लूट की घटनाओं, ट्रैफिक जाम जैसी मार्केट की समस्याओं को दूर करने की अपील की। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने दुकानदारों की समस्याओं की विस्तृत जानकारी जुटाई और कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इस दौरान नवनियुक्त थानाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह उप्पल का दुकानदारों ने विशेष आभार व सम्मान किया। इस मौके पर चरणजीत सिंह, दलजीत सिंह सहगल, राकेशिंदर सिंह , हरप्रीत सिंह बबलू, गोल्डी मेहरा, सुखपाल सिंह गुलाटी, मुखविंदर पाल सिंह, गुरपाल सिंह सराभा, निखिल रावत, कुलविंदर सिंह डंग, गुरदीप सिंह, राम ग्रोवर,पवन चावला, गुरविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह और अन्य मौजूद रहे।

# ज्ञानधन तेजी से स्टूडेंट्स को विदेश में पढ़ने के मौके उपलब्ध करवा रहा

लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। ज्ञानधन, भारत का पहला डिजिटल एजुकेशन फाइनेंसिंग प्लेटफॉर्म और एनबीएफसी अमृतसर, लुधियाना और चंडीगढ़ से एजुकेशन ऋण (लोन) की बढ़ती मांग देख रहा है, क्योंकि बच्चे कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए काफी अधिक संख्या में जा रहे हैं। चंडीगढ़ में 60 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है जबकि अमृतसर में 129 प्रतिशत और लुधियाना में 140 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक है। कनाडा, स्थानीय स्टूडेंट्स का पसंदीदा डेस्टिनेशन है, इसके बाद यूके, ऑस्ट्रेलिया और यूएसए हैं। इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन पाठ्यक्रम जैसे कोर्सेज की कुल कोर्सेज में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अमृतसर की महिला स्टूडेंट कोविड के बाद विदेश जाना पसंद कर रही हैं और 2021 में यह प्रतिशत बढ़कर 128 प्रतिशत हो गया है। लुधियाना और चंडीगढ़ से 13 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक ऋण राशि के अनुरोधों के साथ ज्ञानधन को 34 मिलियन अमरीकी डालर के लोन एप्लीकेशन प्राप्त हुए। पिछले दो वर्षों में ऋण की मात्रा में काफी तेज वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष लुधियाना में 2 गुना वृद्धि देखी गई, जबकि अमृतसर में 1.5 गुना और चंडीगढ़ में 1.1 गुना वृद्धि हुई। ज्ञानधन के सह-संस्थापक और सीईओ अंकित मेहरा ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से, पंजाब और चंडीगढ़ के स्टूडेंट विदेश में अपनी उच्च शिक्षा के लिए कनाडा का विकल्प चुनते हैं।



लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। मंगलवार को भी मौसम ने अपने तल्ख तेवर दिखाए। सुबह धूलभरी हवाएं चलने से लोग परेशान रहे। गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिल सकी। जबकि दोपहर होने तक तापमान 40 डिग्री सेलसियस के आसपास रहा। -फोटो:विशाल ढल्ल

## कोर्ट कांप्लेक्स ब्लास्ट मामले में एनआईए ने 5 लाख इनाम रखा

लुधियाना/यूटर्न/19 यूटर्न। पिछले साल 23 दिसंबर को यहां जिला कोर्ट कांप्लेक्स में ब्लास्ट मामले में पंजाब पुलिस के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने कमोबेश पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया था। हालांकि बीते दिनों एक बार फिर एनआईए की टीम ने खन्ना में मुख्य आरोपी गगनदीप सिंह के पुराने घर की तलाशी ली थी। जिससे चर्चा रही थी कि शायद अभी इस मामले में जांच एजेंसी किसी अहम सुराग की तलाश में है। अब एनआईए ने इस केस में किसी भी प्रकार की अहम जानकारी देने वाले को पांच लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। यहां काबिलेजिक्र है कि विस्फोट के वक्त कोर्ट कांप्लेक्स के वॉशरुम में ही मारे गए शख्स की पहचान पंजाब पुलिस के बर्खास्त मुलाजिम गगनदीप सिंह के तौर पर हुई थी।

## रक्तदान हर धर्म, जाति के लोगों को एकजुट करने में मदद करता है: अनिल भारती

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। रक्तदान हर धर्म, जाति के लोगों को एकजुट करने में मदद करता है। उपरोक्त विचार श्री विवेकानंद स्वर्ग आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अस्पताल मॉडल टाऊन एक्सटैंशन में अस्पताल एवं कम्पीटैंट फाऊंडेशन के सहयोग से लगाए गए रक्तदान कैम्प के आयोजन पर व्यक्त किए। इस मौके पर संजीव भारती, चरणजीत बहल ने बताया कि विवेकानंद अस्पताल में वृ ( आश्रम में रह रहे लोगों एवं अन्य लोगों के लिए 18 अप्रैल को आंखों से संबंधित बीमारियों का निःशुल्क कैम्प सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक लगाया जाएगा। कम्पीटैंट फाऊंडेशन के संजय टंडन एवं अमरप्रीत सिंह ने बताया कि भविष्य में और भी रक्तदान कैम्पों का आयोजन किया जाएगा ताकि लोगों की रक्त की जरूरत को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर अशोक धीर, सुनील हांडा व अन्य रक्तदानियों ने रक्तदान किया।



इस अवसर पर सतिंद्र रिषी, वेद प्रकाश, विजय अग्रवाल, राजेन्द्र शर्मा, भूपिन्द्र सिंह अरोड़ा, आर. एल. बहल, दिपिका, डा. रजनीश त्यागी, डा आदिति, डा. राजेन्द्र पाल पंधेर, जोगिन्द्र व अन्य उपस्थित थे।

**पंजाब में फिर चली गोलियां**

# कांग्रेस पार्षद के पति पर हुआ हमला



फिरोजपुर / यूटर्न / 19 अप्रैल। पंजाब गैंगवार, गोलीबारी, लूट पाट का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में बगदादी गेट के पास आज दोपहर दिन दिहाड़े काले रंग की स्कार्पियो पर आए युवाओं ने वार्ड नंबर 17 की कांग्रेसी महिला पार्षद प्रवीण कुमारी के पति मुक्खा को गोली मार दी और गोली उसकी टांग के आरपार निकल गई। घायल मुक्खा को शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल करवाया गया है जहां डॉक्टर आर.एल. तनेजा ने बताया कि घायल की हालत खतरे से बाहर है और उसका इलाज जारी है।इस अवसर पर नगर कौंसिल फिरोजपुर शहर के प्रधान रिंकू ग्रोवर ने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है और आए दिन शहर में गोली चल रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रातः भी शहर के मुल्तानी गेट के अंदर युवाओं द्वारा गोली चलाई गई जिस कारण शहर में दहशत का माहौल बना हुआ है। रिंकू ग्रोवर ने कहा कि अगर शहर में कानून व्यवस्था को बहाल नहीं किया गया और आए दिन बदमाशी और गुंडागर्दी करने वाले वालों को पकड़ा नहीं गया तो शहर में कांग्रेसी आम लोगों को साथ लेकर थाने के बाहर धरना देंगे और घेराव करेंगे। रिंकू ग्रोवर ने आरोप लगाते हुए कहा के समाज विरोधी तत्व फिरोजपुर में खुलेआम अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं और लोगों की जान व माल को हर समय खतरा बना रहता है। इस घटना की सूचना मिलते ही थाना सिटी के एस.एच.ओ. इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा हमलावरों का को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा कार्रवाई जारी है।

## पैट्रोल पंप सील करने को डीसी को लिखा पत्र

जालंधर / यूटर्न / 19 अप्रैल। जालंधर के गुरु रविदास नगर में 'हरजास फाइलिंग स्टेशन' के नाम से एचपी कंपनी के एक पैट्रोल पंप के खिलाफ नगर निगम के पास शिकायत आई है। यह एचपी कंपनी का पंप मनजोत सिंह पुत्र लाभ सिंह ने बिना नक्शा पास करवाए एवं बिना एनओसी के खोला है। जिस पर पहले तो नगर निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब यह मामला तूल पकड़ गया तो अब निगम की तरफ से खानापूर्ती करने के उद्देश्य से फूड एंड सप्लाई विभाग एवं डीसी दफ्तर को पत्र लिख कर एचपी कंपनी के इस पैट्रोल पंप को सील करने व मालिक सहित कंपनी के खिलाफ बनती कानूनी कारवाई की अपील की है।


नौंवीं पुण्यतिथि



हमारी पूज्नीय
श्रीमती कृष्णा थापर
स्व. श्री नारायण दास थापर जी (EX.M.C. LDH)
नौंवीं पुण्यतिथि पर हम आज उनको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
मधुर स्मृति में
All Thapar Family
T.S. THAPAR, CHAIRMAN
LUDHIANA STOCK & CAPITAL
KAPIL THAPAR
NRAIN JI TRADERS, MANDI KESAR GANJ
M: 93169-03300, 98159-72636


## खालसा कालेज फार वूमेन की तरफ से विश्व विरासती दिवस मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। खालसा कालेज फार वूमेन सिविल लाइंस के पोस्ट ग्रेजुएट पंजाबी विभाग की ओर से विश्व विरासती दिवस मनाया गया। इस मौके पर विरासती खेलों का आयोजन किया गया जिसमें कोटला छपाकी, भंडा भंडारिया, बांदर किल्ला, अन्ना झोटा, रूमाल चुकना, ऊंच नीच, बाल गीत इत्यादि पर छात्राओं ने प्रस्तुति दी। डायरेक्टर यूथ वेलफेयर विभाग पंजाब यूनिवर्सिटी डा. निर्मल जौड़ा इस दौरान मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल हुए। कालेज प्रिंसिपल डा. मुक्ति गिल ने उनका स्वागत किया।

उन्होनें अपने संबोधन में कहा कि पुराने समय में खेली जाने वाली खेलें विद्यार्थियों का मानसिक और शारीरिक दोनों विकास करती हैं लेकिन अब यह खेलें लुप्त हो रही है जिसे बरकरार रखने की जरूरत है।

## बुधवार को कई इलाकों में बंद रहेगी बिजली

लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। पीएसपीसीएल की 11 केवी फीडर्स की मरम्मत मुहिम लगातार जारी है। जिसके चलते लुधियाना में कल 20 अप्रैल बुधवार को कई इलाकों में बिजली बंद रखी जाएगी। विभाग के जनसंपर्क अधिकारी गोपाल शर्मा पिंटा के मुताबिक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहने से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल एरिया-ए, घोड़ा रोड लिंक रोड तक और घोड़ा रोड के आसपास के क्षेत्र शामिल रहेंगे। इसी तरह सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक गडवासु, न्यू गर्ल्स हॉस्टल, एनिमल हॉस्पिटल साइड पीएयू, करतार कॉम्प्लेक्स, धनराज कॉम्प्लेक्स एरिया की बिजली बंद रहेगी। जबकि सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक इंडस्ट्रियल एरिया-ए, घोड़ा रोड, लिंक रोड, जनकपुरी, गणेश नगर, हरि करतार कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट चौक और घोड़ा रोड के आसपास के क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रखी जानी है।

**जन्मदिन मुबारक**



असीम जैन




पूनम सूद



साहिल खुराना


PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads



0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

# बीजेपी नेता केबल ऑपरेटर से बने करोड़पति

## रवि बाली की निकली एक करोड़ रुपए की लॉटरी



लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। अक्सर कहा जाता है कि अगर भगवान किसी को देता है तो छप्पर फाड़ कर देता है। जी हां, यहां ऐसा ही मामला देखने को मिला है। महानगर के हैबोवाल इलाके में रहने वाले बीजेपी नेता व ऑपरेटर रवि बाली का रात तो रात करोड़पति बन गए हैं। समाजसेवी रवि बली द्वारा बीते दिन लॉटरी की टिकट डाली गई थी। लक्की ड्रा में टिकट का नंबर निकला और रातों-रात वह करोड़पति बने तो अचानक सुर्खियों में आ गए। उन्होंने जज्बाती होकर कहा कि दो से तीन दफा उन्होंने लॉटरी डाली। वह एक मीडियम क्लास फैमिली से बिलॉन्ग करते हैं। वह लोगों की सहायता में अक्सर काम करते हैं और ऐसे ही काम भविष्य में भी करते रहेंगे। वहीं लॉटरी कंपनी गांधी ब्रदर्स के मालिक ने भी उनको बधाई देते कहा कि लॉटरी कई बार इंसान की तकदीर इसी तरह बदल देती है। दूसरी तरफ, बाली परिवार के साथ ही इलाके में उनके शुभचिंतक इस खुशी में जश्न मना रहे हैं।

### अब कर्ज लेना भी हुआ महंगा

# एसबीआई के बाद एक्सिस और कोटक महिंद्रा ने महंगे किए लोन




नई दिल्ली/ यूटर्न / 19 अप्रैल। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब एक्सिस और कोटक महिंद्रा बैंक से भी लोन लेना महंगा हो गया है। दोनों बैंकों ने मार्जिनल कॉस्ट लेंडिग रेट में 5 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की है। इन दोनों बैंकों से पहले SBI ने सभी अवधियों के कर्ज की ब्याज दरों में 0.10% की बढ़ोतरी की है। SBI की वेबसाइट के मुताबिक, कस्टमर्स के लिए ओवरनाइट से लेकर तीन महीने तक वाले मार्जिनल कॉस्ट लेंडिंग रेट के लिए 6.65% के बजाए 6.75% रेट होगा। वहीं 6 महीने के लिए 6.95% के बजाए 7.05% हो गई है। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि मार्जिन कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट पर आधारित कर्ज की ब्याज दरें बढ़ जाएंगी। इससे ग्राहकों को अब पर्सनल, ऑटो और होम लोन की EMI में ज्यादा पैसा देना होगा। बैंक 2016 से MCLR के आधार पर कर्ज दे रहे हैं। बैंक अपने संचालन खर्च और नकदी भंडार अनुपात को बनाए रखने जैसी जरूरतों को ध्यान में रखकर MCLR तय करते हैं। SBI प्रॉपर्टी की वैल्यू के मुकाबले कर्ज की रकम और ग्राहकों के क्रेडिट स्कोर के आधार पर अलग-अलग वैल्यू के होम लोन पर MCLR के अलावा 0.10% से 1.5% तक अधिक ब्याज लेता है।

### वित्त मंत्री ने क्रिप्टो करेंसी को लेकर चिंता जताई


# 'इससे बढ़ सकता है मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद को फंडिंग का खतरा



नई दिल्ली / यूटर्न / 19 अप्रैल। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्रिप्टोकरेंसी को लेकर दुनिया को आगाह किया है। सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की मीटिंग में उन्होंने कहा कि फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी के होते विस्तार के बीच एक बड़ा खतरा ये है कि क्रिप्टोकरेंसी का मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग में किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष स्प्रिंग मीट के एक सेमिनार में वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि यहां मौजूद सभी देशों के लिए सबसे बड़ा खतरा मनी लॉन्ड्रिंग और करेंसी का इस्तेमाल आतंकवाद की फंडिंग में होना है। निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके विनियमन (रेग्युलेशन यानी कुछ नियम-कानून) ही एकमात्र इसका हल होगा। बता दें कि वित्तमंत्री सीतारमण सोमवार को यूएस के आधिकारिक दौरे पर गई हैं, वहां उन्हें वर्ल्ड बैंक, G20 वित्तमंत्रियों की मीटिंग और सेंट्रल बैंक गवर्नर मीटिंग में हिस्सा लेना है। अपने पहले दिन के दौरे पर उन्होंने IMF की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्तलीना जॉर्जिवा की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में 'मनी एट ए क्रॉसरोड' विषय पर हुई चर्चा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सीतारमण ने डिजिटल दुनिया में भारत के प्रदर्शन और पिछले एक दशक में डिजिटल बुनियादी ढांचे क निर्माण के लिए सरकार के प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने COVID-19 महामारी के दौरान भारत में डिजिटल के इस्तेमाल में हुई वृद्धि पर भी फोकस डाला। आईएमएफ की चीफ ने कहा कि 'हम ऐसे मोड़ पर हैं, जहां सवाल हैं कि कितनी तेजी से और कितनी दूर तक इसका ग्रोथ होगा, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक सीधा रास्ता है, जिसे देखकर ये साफ है कि डिजिटल मनी एक बड़ी भूमिका निभाएंगी।

# जब कचरे के डंप पर पहुंचे 'सच्चा यादव' सुलगते जहरीले कचरे से बेहोश होते बचे

## फोन पर शिकायत की तो विधायक गरेवाल बोले, मामला पता चल गया, हल कराऊंगा



लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। ताजपुर रोड पर नगर निगम के कचरा-डंप में लगी आग मंगलवार को पांचवे दिन भी सुलगने से जहरीला धुआं आसपास रहने वालों के लिए मुसीबत बन रहा। ऐसे में सोशल एक्टिविस्ट कुमार गौरव उर्फ सच्चा यादव ने वहीं पहुंचकर निगम प्रशासन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया तो यह जोखिम लेने के कारण खुद मुसीबत में फंस गए। कचरे से निकलने वाली मीथेन गैस व जहरीले धुएं से खुद सच्चा यादव व कवरेज करने गए मीडिया कर्मियों की हालत खराब हो गई। उन समेत कई लोग बेहोश होते बचे। इस बीच सच्चा यादव ने



फोन करके लुधियाना ईस्ट के विधायक दलजीत गरेवाल भोला से इस बारे में शिकायत कर तीखा रोष जताया। आप विधायक गरेवाल ने कहा कि उनको यह समस्या पता चल गई हैं, गारबेज मैनेजमेंट के लिए प्रोसेसिंग शुरु करा जल्द ही इसका हल कराएंगे।



# कोरोना मरीजों की देखभाल में लगे हेल्थ वर्कर्स के इंश्योरेंस 6 महीने और बढ़ा



नई दिल्ली / यूटर्न / 19 अप्रैल। कोविड-19 महामारी से लड़ने वाले हेल्थ वर्कर्स के लिए इंश्योरेंस स्कीम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज को 19 अप्रैल से 180 दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। 30 मार्च 2020 में केंद्र सरकार ने हेल्थ वर्कर्स के लिए स्कीम लॉन्च करते हुए ड्यूटी के दौरान संक्रमित होने के बाद मौत होने पर 50 लाख बीमा राशि देने की घोषणा की थी। इस स्कीम में पब्लिक और प्राइवेट सभी हेल्थ सेंटर्स के हेल्थ वर्कर और डॉक्टर शामिल है। आशा वर्कर, पैरामेडिकल, टेक्नीशियन, डॉक्टर्स, सफाई कर्मचारी, नर्सेज और वार्ड ब्वॉयज भी इसमें शामिल है। शुरुआत में यह स्कीम 90 दिनों के लिए थी, लेकिन बाद में इसे कई बार एक्सटेंड किया गया। अब इस योजना को एक्सटेंड कर 6 महीने और बढ़ा दिया गया है। यह योजना 1.7 लाख करोड़ रुपए के कोविड राहत पैकेज का हिस्सा है। स्कीन शुरू होने के बाद से हेल्थ वर्कर्स के 1,905 क्लेम्स को सेटल किया किया गया है। इंश्योर्ड व्यक्ति की अगर मौत हो जाती है तो नॉमिनी को हेल्थ वर्कर जहां काम करता था वहां क्लेम फॉर्म भरना होगा। इसके बाद संस्थान आवश्यक प्रमाण पत्र जारी करेगा और आवेदन को आगे प्रोसेस करेगा। बीमा संबंधी रकम का दावा करने के लिए नॉमिनी को जिन कागजातों की जरूरत पड़ेगी उनमें मृतक की आईडी, दावेदार की आईडी, मृतक और दावेदार के बीच संबंध के सबूत, COVID-19 पॉजिटिव होने की रिपोर्ट की मूल या अटेस्टेड कॉपी और जिस अस्पताल में हेल्थ वर्कर की डेथ हुई वहां का डेथ सर्टिफिकेट देना होगा।

# कच्चे तेल ने बढ़ाई सरकार की मुश्किलें


नई दिल्ली / यूटर्न / 19 अप्रैल। कच्चा तेल फिर महंगा हो रहा है. मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से जारी ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल, 2022 को कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की कीमत 106 डॉलर प्रति बैरल के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई. बढ़ती महंगाई के इस दौर में कच्चे तेल का महंगा होना भारत के लिए बुरी खबर है. गौरतलब है कि अप्रैल के पहले हफ्ते में कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की कीमत में फौरी गिरावट से भारत में पेट्रोल-डीज़ल की बढ़ रही कीमतों से राहत की उम्मीद बंधी थी लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच कच्चा तेल फिर महंगा हो गया है. मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से जारी ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 11, 2022 को कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की कीमत 97.82 प्रति बैरल थी जो अप्रैल 18, 2022 को कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की कीमत बढ़कर 106.03 प्रति बैरल पहुंच गई. पिछले करीब एक हफ्ते में कच्चा तेल 8.21 डॉलर प्रति बैरल महंगा हुआ है यानी 8.39% तक महंगा.सोमवार को ही वाणिज्य मंत्रालय ने मार्च में थोक महंगाई दर में भारी बढ़ोतरी के आंकड़े जारी करते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से ग्लोबल सप्लाई चेन बाधित होने को कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और खनिज तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे होने की मुख्य वजह बताया था. सरकारी आकंड़ों के मुताबिक, कच्चा तेल मार्च, 2021 के मुकाबले मार्च, 2022 में 83.56% महंगा हुआ. इस दौरान पेट्रोल 53.44%, डीज़ल 52.22% और एलपीजी (LPG) 24.88% महंगे हुए. ज़ाहिर है, महंगे होते पेट्रो प्रोडक्ट सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं।

# जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर मई में हो सकती है बैठक




नई दिल्ली / यूटर्न / 19 अप्रैल। मंत्रिसमूह द्वारा जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने से जुड़ी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है और ठीक समय पर इस संबंध में फैसला लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक राज्यों के मंत्रियों का समूह (जीओएम) इन सिफारिशों पर गौर करके उन्हें अंतिम रूप देगा। बाद में इसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी काउंसिल के पास भेजा जाएगा। काउंसिल में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा है कि जीओएम द्वारा दरों को तर्कसंगत बनाने पर अभी कोई विचार नहीं किया गया है। दरअसल, कुछ इकोनॉमिस्ट का मानना है कि जीएसटी की पांच प्रतिशत की दर को तीन और आठ प्रतिशत में बांट दिया जाए और बाकी की तीन दरों 12, 18, 28 को यथावत रखा जाए। हालांकि दरों को तर्कसंगत बनाने को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। सूत्रों ने कहा है कि दरों में बदलाव एक राजनीतिक मुद्दा है और जब जीएसटी परिषद इस पर विचार करेगी तो इसका असर दिखाई पड़ेगा। सात सदस्यूय मंत्रि समूह का नेतृत्व कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज एस बोम्मई कर रहे हैं। इस समूह में पश्चिम बंगाल, केरल, गोवा, बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के वित्त मंत्री शामिल हैं। एक सूत्र ने समाचार एजेंसी को बताया कि इन मंत्रियों की अगले महीने बैठक हो सकती है।

# डायबिटीज समेत अन्य बीमारियों की 15 दवाओं की कीमतें एनपीपीए ने की तय



नई दिल्ली / यूटर्न / 19 अप्रैल। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने मधुमेह समेत विभिन्न बीमारियों के इलाज में उपयोग होने वाली 15 दवाओं के खुदरा मूल्य की सीमा तय की है। एनपीपीए ने मंगलवार को कहा कि मार्च के अंतिम सप्ताह में बैठक के बाद कीमतें निर्धारित की गई हैं।

जो कंपनियां ये दवाएं बना रही हैं, उन्हें एनपीपीए की सिफारिशों के अनुसार नए खुदरा मूल्य तय करने होंगे। प्राधिकरण ने अपने आदेश में कहा, ''एनपीपीए ने 24 मार्च को हुई प्राधिकरण की 96वीं बैठक में किए गए निर्णय के आधार पर औषधि (कीमत नियंत्रण आदेश), 2013 के तहत 15 दवाओं के खुदरा मूल्यों को निर्धारित किया है। मूल्य निर्धारण के तहत एसोसिएटेड बायोटेक, डेल्स लैबोरेटरीज की बनाई और विपणन की जाने वाली मेटफॉर्मिन के साथ टेनेलिग्लिप्टिन टैबलेट की कीमत 7।14 रुपये प्रति टैबलेट तय की गई है। इसी तरह, डैपाग्लिफ्लोजिन के साथ मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट का खुदरा मूल्य 10.7 रुपये प्रति टैबलेट तय किया गया है। इन दोनों दवाओं का उपयोग डायबिटीज के इलाज के लिए किया जाता है। इसके अलावा, एनपीपीए ने जिन अन्य दवाओं के मूल्य तय किए हैं उनमें ह्यूमन नॉर्मल इम्युनोग्लोबुलिन, मेड्रोक्सीप्रोजेस्टेरोन एसीटेट आदि दवाएं शामिल हैं। प्राधिकरण ने कहा है कि दवा बनाने वाली कंपनियां नियामक को एकीकृत औषधि डाटाबेस प्रबंधन प्रणाली के जरिए कीमत सूची जारी करेंगी और उसकी एक प्रति राज्य औषधि नियंत्रक और डीलरों को सौंपेगी।

# आरटीए धालीवाल ने परिवहन विभाग से संबंधित सेवाओं में पारदर्शिता, निरंतरता और गति का दिया आश्वासन

## कहा- आम जनता को कार्यालय में शर्मिंदा नहीं होने दिया जाएगा

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। पंजाब सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत लोगों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) लुधियाना एस. नरिंदर सिंह धालीवाल ने स्पष्ट किया कि परिवहन विभाग से संबंधित सेवाओं के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।



उन्होंने अपने अधीन अधिकारियों/कर्मचारियों को जारी दिशा-निर्देशों में कहा कि परिवहन विभाग से संबंधित अपना कार्य करने के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े. उन्होंने सख्ती से कहा कि अगर आम जनता के लिए शर्मिंदगी की बात उनके संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने परिवहन विभाग से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता, निरंतरता और गति लाने के निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए ताकि आम जनता अपना काम सुचारू रूप से कर सके। सचिव धालीवाल उन्होंने कार्यालय से संबंधित कार्यों का विवरण साझा करते हुए कहा कि सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों के टैक्स अपडेट, री-असाइनमेंट वाहनों के मूल्य निर्धारण और ऑनलाइन मंत्रिस्तरीय शाखा से प्राप्त शिकायतों के लिए अनुभाग अधिकारी श्री मुनीश चौधरी (78147-46755) से संपर्क करें. ) किया जा सकता है। नरेश क्लेयर (94170-43637), मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) कंडोम वाहन कार्य, वाहन पासिंग, निरीक्षण और वाहन फिटनेस के लिए संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा पीबी10 सीरीज, ट्रैफिक चेकिंग और ट्रैफिक चालान की निगरानी का सारा काम श्रीमती किरणजीत कौर (84272-96045) करती हैं।

# 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा मलेरिया रोधी सप्ताहः डॉ. एस.पी. सिंह

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में 25 अप्रैल तक मलेरिया रोधी सप्ताह मनाया जा रहा है। डॉ. एसपी सिंह ने आगे कहा कि जिले भर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा मलेरिया की रोकथाम के बारे में आम जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए इसके अलावा स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों की भाषण प्रतियोगिता और चार्ट मेकिंग का भी आयोजन किया गया है. स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ-साथ बच्चों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने और पानी जमा न होने देने के महत्व से भी अवगत करा रहे हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य विभाग आम जनता को शुक्रवार को 'शुक्रवार, शुष्क दिन' के



रूप में मनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जैसे कुंडों से पानी निकालना, घरों में बर्तन साफ करना, रेफ्रिजरेटर के पीछे ट्रे साफ करना। उन्होंने कहा कि ऐसी जगहों पर खड़े पानी में मच्छर पनपने का मौका मिलता है।

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार को बंद करवाए प्रशासनः चन्द्रकान्त चड्ढा

लुधियाना / यूटर्न /19 अप्रैल। शिवसेना बाला साहेब ठा करे के पंजाब प्रदेश प्रवक्ता चन्द्रकान्त चड्ढा ने प्रेस नोट रिलीज करते हुए नौजवान पीढ़ी को गलत रास्ते मे डालकर स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे देह व्यापार के अड्डों को मुकम्मल बंद करने की पंजाब सरकार, प्रशासन व् पंजाब पुलिस प्रशासन से मांग की है। चन्द्रकान्त चड्ढा ने कहा कि अपने विरसे,सभ्यता के लिए जाना जाता पंजाब कोई पहाड़ी हिल्स स्टेशन नहीं बल्कि गुरुओ,पीरों व् शहीदों की पवित्र धरती है जहाँ स्पा सेंटरों के नाम पर बने देह व्यापार के अड्डों के कारण समाज खासकर नौजवान पीढ़ी दूषित हो रहे है जिसे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता व् सरकार एवं पुलिस प्रशासन को तुरंत प्रभाव से स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे देह व्यापार के अड्डो को बंद करवाने के लिए आदेश जारी करने चाहिए। चन्द्रकान्त चड्ढा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि जल्द ही पंजाब सरकार व पुलिस प्रशासन द्वारा स्पा सेंटरों को बंद करवाने के आदेश न जारी किए गए तो मजबूरन शिवसेना स्पा सेंटरों को बंद करवाने के लिए सड़कों पर उतरेगी।




# सड़क किनारे खड़े ट्रक में लगी आग

लुधियाना / यूटर्न /19 अप्रैल। लुधियाना में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को आग लग गई। घटना गिल गांव के पास की बताई जा रही है, जहां पर सड़क किनारे खड़ा एक ट्रक आग की चपेट में आ गया। ट्रक में लगी भीषण आग को देखकर वहां पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड विभाग को दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिशे लगातार जारी हैं। वहीं आग की घटना को देखते हाईवे पर ट्रैफिक जाम की स्थिति भी देखने को मिली। फिलहाल आग लगने की घटना का पता नहीं चल सका है, लेकिन फायर कर्मियों द्वारा आग बुझाने की कोशिशें लगातार जारी हैं।



# 35वां मां भगवती जागरण 23 को

लुधियाना / यूटर्न /19 अप्रैल। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बावा रत्न मुनि जैन युवा संघ व मां वैष्णो देवी चेरटिबल अस्पताल के सहयोग से 35वां मां भगवती जागरण 23 अप्रैल को दिन शनिवार किग पैलेस सुंदर नगर धूमधाम से कराया जाएगा। समारोह को लेकर एक मीटिग आज सब्जी मंडी गुलाटी रेस्टोरेंट में अध्यक्ष राजेश जैन बाबी व राजेश जैन मोनिका की अध्यक्षता में हुई जिसमें जागरण की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर राजेश जैन बाबी व राजेश जैन मोनिका ने बताया कि क्लब द्वारा 35वां मां भगवती जागरण 23 अप्रैल दिन शनिवार को रात्रि आठ बजे से आरंभ होगा, जो प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मां भगवती जागरण में प्रसिद्ध गायक अमेंद्र सिंह बाबी, शिष्य गुरदास मान, नीटू चंचल एंड पार्टी कैथल वाले महामाई का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर मां की पवित्र ज्योत ज्वाला जी से लाई जाएगी। इस अवसर पर राजेश जैन बाबी, राजेश जैन मोनिका, अमित गुप्ता, हरेंद्र हैंपी, राजीव जैन, हरेंद्र सिंह हैंपी, धीरज जैन, अमित जैन काका, अमन जैन, लवली भंडारी, सार्थक जैन, पुनीत जैन, सन्नी जैन, अंकित जैन, गौरव जैन, ममलेश जैन, मन्नू आहुजा, विक्की शर्मा, आदि शामिल थे।

# ग्राहक बनकर आई महिलाओं गिरोह ने ज्वैलर्स लगाई को लगाई लाखों की चपत

लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। सोमवार दोपहर 2:30 बजे चौड़ा बाजार स्थित ज्वैलरी मार्केट सराफा बाजार चौक में अशोक दिवान ज्वैलर पर ज्वैलरी खरीदने के बहाने तीन महिलाओं व एक पुरुष ने दुकानदार को लाखों की चपत लगा दी। दुकान मालिक अशोक कुमार सचदेवा को जब अपनी दुकान में अकेले तथो तीम महिलाएं एक पुरुष ग्राहक बन कर उनकी दुकान में शामिल हुए और अलग-अलग तरह की ज्वैलरी दिखाने की मांग करने लगे। जब वे ज्वैलरी दिखा रहे थे तो महिलाओं ने कुछ जेवर चुरा लिए। दुकानदार के अनुसार सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई।



गिरोह के जाने के बाद जब वे अपनी ज्वैलरी को मिलाने लगे तो उन्हें कुछ ज्वैलरी कम मिली। बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पता लगा कि वे खरीदारी करने आये लोग ग्राहक नहीं बल्कि चोर थे। दुकानदार ने यह भी आरोप लगाया कि महिलाओं द्वारा उन्हें हिपनोटाइज कर दिया जिसके चलते वह गिरोह की मंशा को भाप नहीं पाए। दुकानदार गौरव सचदेवा के अनुसार उन्होंने घटना की सारी जानकारी दरेशी थाना में दे दी है।

जिसके तहत पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाही शुरु कर दी है। वहीं उन्होंने भी अन्य शहरवासियों को आगाह करने उद्देश्य से सीसीटीवी फुटेज को सोशल मीडिया पर सांझा कर दिया है।

# बंदी सिंगो की रिहाई मामले पर ट्वीट कर बोले रवनीत बिट्टू

चंडीगढ़ / यूटर्न / 19 अप्रैल। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने और भाई बलवंत सिंह राजोआना की जल्द रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की। वहीं अकाली दल के अध्यक्ष ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी ऐसी ही अपील की जिसके बाद इस मुद्दे को लेकर रवनीत बिट्टू का ट्वीट सामने आया है। देश के सबसे बड़े आतंकवादी की रिहाई के लिए सुखबीर सिंह बादल की बार-बार की मांग देश विरोधी ताकतों की एक गहरी साजिश का हिस्सा है। देश विरोधी एजेंसियों के कहने पर सुखबीर बादल, हरसिमरत बादल और अकाली दल हर 6 महीने में संसद में बार-बार प्रधानमंत्री को पत्र लिख रहे हैं। वह उस आतंकवादी की रिहाई की मांग कर रहे जिसने पंजाब के एक मुख्यमंत्री के साथ-साथ 17 अन्य व्यक्तियों को बम के साथ शहीद किया था।




सुखबीर बादल बताएं कि उनकी ऐसी क्या मजबूरी है जो बार-बार एक ही मांग कर रहे हैं। अब लगता है कि सुखबीर बादल मुझे और मेरे परिवार को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। रवनीत बिट्टू ने कहा, "मैं प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को पत्र लिखकर उनसे अपनी योजनाओं की गंभीरता से जांच करने को कहूंगा।

# चुनाव के चलते लोगों को भटकाने की कोशिशः स्पीकर कुलतार सिंह संधवा

लुधियाना / यूटर्न /19 अप्रैल। एसवाईएल के मुद्दे पर हरियाणा के आम आदमी पार्टी इंजॉय और राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता द्वारा एसवाईएल पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए, पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने कहा है कि चुनाव के वक्त अक्सर ऐसे मुद्दे उठाए जाते हैं। सांप्रदायिकता फैलाई जाती है, लेकिन लोग अब समझ चुके हैं। पंजाब में भी ऐसा करने का प्रयास किया गया था, जो सफल नहीं हुआ। राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने संबंधी इलाज के बाद जनरल कैटेगरी के साथ पक्षपात के आरोप लगाकर चल रहे विवाद पर स्पीकर ने कहा कि जब किसी नेता को कोई फायदा मिलता है, तो कोई नहीं बोलता। अफसरों और नेताओं ने बहुत लूटा है। अब लोगों को फायदा मिल रहा है। स्पीकर लुधियाना के मॉडल टाउन में एक निजी समारोह के लिए पहुंचे थे।



# भगवान राम का कार्टून अपलोड करने पर आरोपी गिरफ्तार

लुधियाना / यूटर्न /19 अप्रैल। लुधियाना में फेसबुक पर भगवान राम का कार्टून बना कर अपलोड करने के आरोप में थाना टिब्बा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए शिरोमणि अकाली दल (शिअद) मुस्लिम विंग के पंजाब प्रधान फुरकान कुरैशी उर्फ बबलू कुरैशी पर हमला हुआ है। पुलिस थाने में कुछ युवकों ने आकर उसके साथ मारपीट की है जिससे उसे उस चोटें लगी हैं और उसे सिविल अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवाया गया है। सिविल अस्पताल में उसकी रक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।जानकारी के मुताबिक शिअद मुस्लिम विंग के पंजाब प्रधान फुरकान कुरैशी उर्फ बबलू कुरैशी के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

# गवर्नर द्वारा तीन चेयरमैन के इस्तीफे को मिली मंजूरी

लुधियाना / यूटर्न /19 अप्रैल। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन पवन दीवान के साथ वाइस चेयरमैन रमेश जोशी और केके सहगल के इस्तीफे को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि राज्य में कांग्रेस पार्टी की चुनाव में हार के बाद तीनों ने नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तीनों नेता पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड से संबंधित थे। इन तीनों लोगों ने 1 अप्रैल को अपना इस्तीफा राज्यपाल को भेजा था।







# मल्हार रोड फ्लेम्स मॉल में फिर खुला अंडरडॉग्स ब्रेवरीज और किचन



लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। शनिवार को मल्हार रोड पर अंडरडॉग्स ब्रेवरीज और किचन को नए रूप और अनुभव के साथ फिर से लॉन्च किया गया। रेस्टोरेंट मालिक सिमरनीत वाही और सार्थक सिदाना दोनों खेल प्रेमी आईपीएल सीजन के बाद टी20 विश्व कप और बाद में फीफा विश्व कप का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया अंडरडॉग्स आपका 'महान भोजन, पेय, खेल और वास्तव में एक अच्छा समय के लिए एक स्टॉप डेस्टिनेशन है'। -फोटो: विशाल ढल्ल

# कुलदीप धालीवाल ने बेसहारा पशुओं की देखभाल के लिए केंद्र से 500 करोड़ रुपए की मांग की

## पशु पालन मंत्री ने गुजरात में पशु पालन के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए समर मीट में लिया हिस्सा

चंडीगढ़ / केवड़िया / यूटर्न /19 अप्रैल। पशु पालन, डेयरी और मछली पालन के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति लाने के लिए गुजरात के नर्मदा ज़िले के केवड़िया में आत्म निर्भर भारत के अंतर्गत केंद्र सरकार की तरफ से समर मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय पशु पालन, मछली पालन और डेयरी विकास मंत्री परशोत्तम रुपाला विशेष तौर पर शामिल हुए। इस समागम के दौरान विशेष तौर पर पहुँचे पंजाब के पशु पालन, डेयरी विकास और मछली पालन विभाग के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने राज्य में बेसहारा पशुओं की देखभाल के लिए केंद्र से 500 करोड़ रुपए की माँग की। इस मौके पर कुलदीप धालीवाल



ने कहा कि पंजाब में बेसहारा 1.40 लाख पशु घूम रहे हैं। उनकी देखभाल के लिए शैडों, हरे चारों और साइलेज के प्रबंध के लिए 500 करोड़ रुपए की सहायता राशि केंद्र सरकार को देने की अपील की। पंजाब के पशु पालन मंत्री ने राज्य के 5 लाख दुधारू पशुओं के बीमे के लिए हरेक साल 100 करोड़ रुपए की राशि की माँग भी की जिससे किसी भी पशु की कुदरती मौत की भरपाई करने के लिए पशु पालकों को मुआवज़े के तौर पर दी जा सके। इस समर मीट में पशु पालकों को गुणवत्तापूर्ण सहूलतें तुरंत मुहैया करवाने संबंधी भी अलग-अलग माहिरों की तरफ से अपने विचार पेश किये गए। पशु पालकों को मंडीकरण सम्बन्धी आ रही समस्याओं के बारे भी रोड मेप तैयार करने सम्बन्धी और पशु पालकों को इस संबंधी प्रशिक्षण देने पर भी विचार चर्चा की गई। पंजाब के निर्देशक पशु पालन विभाग डॉ. सभाश चंद्र गोयल ने भी इस समर मीट में हिस्सा लिया गया।

# २२ अप्रैल को होगी राजा वड़िंग की ताजपोशी, संभालेंगे कार्यभार

चंडीगढ़ / यूटर्न /19 अप्रैल। गत दिनों हाईकमान द्वारा राजा वड़िंग को पी.पी.सी.सी. का प्रमुख प्रधान बनाया गया है जिसके चलते चंडीगढ़ कांग्रेस भवन में 22 तारीख राजा वड़िंग की ताजपोशी होने जा रही है जिसके चलते वह 22 अप्रैल को अपना पी.पी.सी.सी. प्रधान का पद संभालेंगे और बड़ी जिम्मेदारी की कमान उनके हाथों में सौंपी जाएगी। ताजपोशी दौरान सभी बड़े नेताओं को कांग्रेस भवन में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया है। आपको बता दें कि अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग जो अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के भी प्रधान रह चुके



हैं। उन्होंने पिछले तीन बार से लगातार गिद्दड़बाहा हलके से चुनाव जीता है।

# प्रसिद्ध उद्योगपतियों के सहयोग से सेवा के प्रकल्प चलाए जा रहे हैं: रिचा, राकेश जैन



लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। महिला शाखा भगवान महावीर सेवा सोसायटी एवं भगवान महावीर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 55वें निशुल्क पोलियो आपरेशन एवं बनावटी अंग वितरण समारोह के उपरांत आपरेशन वाले मरीजों को मिलने एवं खाने पीने की सामग्री देने के लिए देव अस्पताल के प्रसिद्ध पोलियो एवं स्पाइन सर्जन डा. पवन ढींगरा एमसीएच के अस्पताल में पहुंचे पहुंचे। इस मौके पर डा. पवन ढींगरा को मानव सेवा रत्न अवार्ड से भी नवाजा गया।महिला शाखा भगवान महावीर सेवा सोसायटी की महामंत्री, रिचा जैन, भगवान महावीर सेवा संस्थान के अध्यक्ष, राकेश जैन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, प्रबंधक डा. प्राण गुप्ता एवं संदीप जैन आदि ने मरीजों का हालचाल पूछा और उनके जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना भी की। संस्थान के अध्यक्ष राकेश जैन एवं डा. प्राण गुप्ता ने बताया कि लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं दानवीर परिवारों के सहयोग से ही इतना बड़ा सेवा का कार्य किया जा रहा है। इसमें विशेषकर, कंगारू ग्रुप आफ इंडस्ट्री, ओसवाल फाउंडेशन, हितेश यार्न एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड एवं भारत विकास परिषद विवेकानंद सेवा न्यास के सहयोग से पिछले काफी वर्षों से संस्थान द्वारा सहयोग मिल रहा है।

# किंडरगार्टन स्कूल के बच्चों ने मनाया 'रेड डे' समारोह

लुधियाना / यूटर्न / 19 अप्रैल। चाइल्डहुड किंडरगार्टन, पंजाब माता नगर में बच्चों को रंगों के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दायरे से परिचित कराने के लिए 'रेड डे' गतिविधि मनाई। लाल रंग के रंगों ने हमारे नन्हे-मुन्नों को उज्ज्वल, जीवंत और प्रफुल्लित महसूस कराया। 'लाल' रंग उत्साह, जीवन और जीवन शक्ति का प्रतीक है। दिन की शुरुआत हर जगह लाल रंग से हुई- जहां लाल पोशाक, लाल गुलाब, लाल टेडी, लाल कार, लाल सेब, लाल चेरी, यहां लाल। वहाँ एक लाल-लाल लाल हर जगह हमारे छोटों ने एक शानदार लाल दिन बिताया। बुलेटिन बोर्ड में बच्चों




द्वारा बनाए गए रेड क्राफ्ट वर्क को प्रदर्शित किया गया। नन्हे मुन्ने लाल रंग के आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रहे थे। लाल रंग के महत्व पर जोर देते हुए विशेष सभा का आयोजन किया गया। कुछ छात्रों ने घर से लाई लाल वस्तु पर कुछ वाक्य बोले। शिक्षकों ने सर्कल टाइम में विषय पर चर्चा की और इसे सभी विषयों से जोड़ा। प्रिंसिपल, इशनीत शर्मा ने किंडर छात्रों के साथ इस तरह के समारोहों के उद्देश्य के बारे में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान करने के साथ एक घटनापूर्ण इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। उसने उन्हें हर जगह रंगों की तलाश करने और रंगीन जीवन का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया। रंग वास्तव में प्रकृति की मुस्कान हैं। 'रेड डे' उत्सव एक अद्भुत सीखने की गतिविधि थी जिसने बच्चों को संज्ञानात्मक कौशल को मजबूत करके रंगों के आधार पर वस्तुओं को क्रमबद्ध और वर्गीकृत करने में मदद की।


### खबर जरा हटके

## गर्मियों में बालों में इस तरह लगाएं पुदीने का तेल

पुदीना त्वचा के अलावा बालों के लिए भी बहुत ज्यादा फायदेमंद है। इससे बालों के झड़ने की समस्या काफी हद तक कम होती है। पुदीने के तेल को अंग्रेजी में पेपरमिंट ऑयल कहते हैं। पुदीने की पत्तियों के अर्क से पेपरमिंट ऑयल तैयार किया जाता है। बालों की कई तरह की परेशानियों को पेपरमिंट ऑयल से दूर किया जा सकता है। गर्मियों में बालों और शरीर को ठंडक पहुँचाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। कुछ लोग महँगे तेल और शैम्पू में पैसे खर्च करते हैं। तो कई लोग महँगे सैलून में जाकर ट्रीटमेंट करवाते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि पुदिने का इस्तेमाल करके आप कैसे अपने बालों में ठंडक पहुँचा सकती हैं। आपको बता दें कि पुदिना त्वचा के अलावा बालों के लिए भी बहुत ज्यादा फायदेमंद है। इससे बालों के झड़ने की समस्या काफी हद तक कम होती है। पुदीने के तेल को अंग्रेजी में पेपरमिंट ऑयल कहते हैं। पुदीने की पत्तियों के अर्क से पेपरमिंट ऑयल तैयार किया जाता है। पुदीने के तेल में मेंथॉल होता है। बालों की कई तरह की परेशानियों को पेपरमिंट ऑयल से दूर किया जा सकता है। इस तेल से मालिश करने से सिर को ठंडक मिलती है और कई अन्य फायदे मिलते हैं। झड़ते हुए बालों को रोकने के लिए पुदीने के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच नारियल के तेल मे कुछ बूंदें पुदीने का तेल मिला लें। अब इसे बालों में लागएं और हल्के हाथों से मालिश करें।



### आज का विचार




### कार्टून-कोना, राज-नीति







# तमाम प्रयासों के बावजूद प्लास्टिक का भरोसेमंद विकल्प नहीं खोजा जा सका



दुनियाभर में वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कुछ प्रमुख कारकों में से प्लास्टिक एक प्रमुख कारक है। 'प्लास्टिक' शब्द ग्रीक शब्द प्लास्टिकोज और प्लास्टोज से बना है, जिसका अर्थ है जो लचीला है या जिसे ढ़ाला, मोड़ा या मनमर्जी का आकार दिया जा सके। 21वीं सदी में पर्यावरण प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसके खतरों से पूरी दुनिया त्रस्त है। कनाडा के हैलीफैक्स शहर में तो वर्ष 2018 में प्लास्टिक कचरे के ही कारण इमरजेंसी लगानी पड़ी थी। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या दिनों-दिन विकराल हो रही है, जो न केवल हर दृष्टि से प्रकृति पर भारी पड़ रही है बल्कि मानव जाति के साथ-साथ धरती पर विद्यमान हर प्राणी के जीवन के लिए भी बड़ा खतरा बनकर उभर रही है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा देश को 'सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त भारत' बनाने की दिशा में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की जा चुकी है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार उसके बाद पॉलीस्टाइनिन और एक्सपैंडेड पॉलीस्टाइनिन सहित सिंगल यूज वाले प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

प्लास्टिक में बहुत सारे ऐसे रसायन होते हैं, जो कैंसर और हृदय रोग सहित कई गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। आज प्लास्टिक कचरे से देश का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं है और प्लास्टिक अब आम जनजीवन का इस कदर अहम हिस्सा बन चुका है कि तमाम प्रयासों के बावजूद इस पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है, न ही अब तक इसका कोई भरोसेमंद विकल्प खोजा जा सका है। यह जान लेना भी दिलचस्प और जरूरी है कि प्लास्टिक की खोज कब और कैसे हुई थी? हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर प्रकाशित अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने इसका उल्लेख विस्तार से किया है। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के मुताबिक मनुष्य निर्मित प्लास्टिक 'पार्केसाइन' का पेटेंट सबसे पहले वर्ष 1856 में बर्मिंघम इंग्लैंड के अलेक्जेंडर पार्क्स ने कराया था, जो 1862 में अपने वास्तविक रूप में दुनिया के सामने उस समय आया था, जब पहली बार 1862 में लंदन की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में उसे रखा गया था। प्राकृतिक रबर, जिलेटीन, कोलेजीन, नाइट्रोसेल्युलोज जैसे पदार्थ प्लास्टिक के पहले उपलब्ध पदार्थ थे। 1866 में अलेक्जेंडर पार्क्स ने पार्केसाइन कम्पनी बनाकर इसका बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया। पॉलिथीन दुनिया का सबसे लोकप्रिय प्लास्टिक है, जिसे सबसे पहले जर्मनी के हैंस वोन पैचमान ने वर्ष 1898 में अचानक ही खोज लिया था। प्रयोगशाला में एक प्रयोग करते समय उन्होंने सफेद रंग के मोम जैसा एक पदार्थ बनते देखा, जिसका नाम पॉलिथीन रखा गया। 1900 में पूरी तरह से सिंथेटिक, फिनोल और फॉर्मेल्डीहाइड का उपयोग करके प्लास्टिक बनाना शुरू कर दिया गया था और जर्मनी तथा फ्रांस में कैसीन से निर्मित प्लास्टिक का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ हो गया था। बेल्जियम मूल के अमेरिकी नागरिक डॉ. लियो हेंड्रिक बैकलैंड ने भी प्लास्टिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने 1907 में फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड की अभिक्रिया में कुछ परिवर्तन करके सिंथेटिक पद्धति से एक ऐसा प्लास्टिक निर्मित किया, जिसका उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता था। उन्होंने फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड को मिलाकर गर्म किया, जिसे ठंडा करने पर एक कठोर पदार्थ मिला। बाद में उन्होंने इसमें लकड़ी का बुरादा, एस्बेस्टस और स्लेट पाउडर मिलाकर कई और चीजें भी बनाई। बेकलैंड के नाम पर ही उस नए प्लास्टिक का नाम 1912 में 'बैकेलाइट' रखा गया था। अपने इस आविष्कार के बाद बैकलैंड ने कहा भी था कि अगर वह गलत नहीं हैं तो उनका यह अविष्कार (बैकेलाइट) भविष्य के लिए अहम साबित होगा।

# घर में मौजूद नेगेटिव एनर्जी और बुरी शक्तियों को दूर करने के लिए जरूर रखें ये वस्तुएं

वास्तुशास्त्र में दो तरह की ऊर्जाओं का वर्णन किया गया है - सकारात्मक ऊर्जा (पॉजिटिव एनर्जी) और नकारात्मक ऊर्जा (नेगेटिव एनर्जी)। हम जिस जगह और जैसे वातावरण में रहते हैं उसका हमारे जीवन पर बहुत असर पड़ता है। अक्सर ऐसा होता है कि किसी नई जगह जाने के बाद हम अच्छा महसूस नहीं करते हैं या बीमार हो जाते हैं। इसी तरह अगर आपके घर में बार-बार लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं, परिवार के सदस्य बीमार पड़ रहे हों या काम बनते-बनते रुक जाएं तो समझ लीजिए कि घर में नकारात्मक ऊर्जा है। वास्तुशास्त्र में नकारात्मकता को खत्म करने और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के कई उपाय बताए गए हैं। इन उपायों के जरिए आप अपने घर में पॉजिटिव एनर्जी ला सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि घर में किन चीज़ों को रखने से घर में पॉजिटिव एनर्जी आती है -

**पारद शिवलिंग**

घर में सकारात्मकता और खुशहाली लाने के लिए पारद शिवलिंग बहुत शुभ माना जाता है। घर के मंदिर में पारद शिवलिंग रखने से भगवन शिव की कृपा सदैव बनी रहती है। इस से धन का लाभ होता है और मान-सम्मान में वृद्धि होती है।

**श्री यंत्र**

ज्योतिषशास्त्र में श्री यंत्र का विशेष महत्व है। घर में क्रिस्टल का श्री यंत्र रखना शुभ माना जाता है। इससे आस-पास की नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और घर में पॉज़िटिव एनर्जी आती है। श्री यंत्र को धन के स्थान पर रखने से धन लाभ होता है। ज्योतिषशास्त्रों के अनुसार श्री यंत्र बेहद प्रभावशाली माना जाता है। इससे जीवन की समस्याएं कम होती हैं और रुके हुए काम बन जाते हैं।

**ताजे फूल**

घर के हर कमरे में ताजे खुशबूदार फूल रखने से आस-पास की नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। ताजे फूलों की खुशबू से मन तो





प्रसन्न होता ही है साथ ही घर में पॉजिटिविटी भी आती है।

**लाफिंग बुद्धा**

घर या ऑफिस में लाफिंग बुद्धा रखना बहुत लकी माना जाता है। घर में लाफिंग बुद्धा रखने से घर में खुशियाँ और पॉजिटिव एनर्जी आती है।

**इंडोर प्लांट्स**

घर में हरे-भरे पौधे लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। हिन्दू धर्म के अनुसार घर के आँगन में तुलसी का पौधा लगाना बहुत शुभ माना जाता है। इसके अलावा आप कई अन्य इंडोर प्लांट्स जैसे मनी प्लांट, एरोकेरिया आदि घर के अंदर लगा सकते हैं।

**सुगंधित चीज़ें**

गंदी और बदबूदार जगहों पर नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव ज्यादा होता है। घर में पॉजिटिव एनर्जी लाने के लिए घर में सुगंधित अगरबत्ती, मोमबत्ती या अरोमा ऑयल का इस्तेमाल करें। यह भी ध्यान रखें कि अगर घर में कोई बदबूदार चीज़ हो तो उसे बाहर फेंक दें और घर को साफ-सुथरा रखें।

**सेलेनाइट का पत्थर**

घर में पॉज़िटिव एनर्जी लाने के लिए घर में सेलेनाइट का पत्थर रखना अच्छा माना जाता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार घर के खिड़की और दरवाजों पर सेलेनाइट का पत्थर रखने से नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश नहीं कर पाती है। यह सफेद रंग का सल्फेट से बना पत्थर होता है जो अशुद्धियों को खत्म करता है।

**रंग-बिरंगी लाइट्स**

अँधेरा अपनी तरफ नकारात्मकता को आकर्षित करता है इसलिए घर के हर हिस्से में साफ हवा और रोशनी होनी चाहिए। घर में जितनी रोशनी होगी घर का माहौल उतना ही सकारात्मक होगा। आप चाहें तो घर के ड्राइंग रूम में रंग-बिरंगी लाइट्स भी लगवा सकते हैं। इससे घर में पॉजिटिव एनर्जी आएगी।

**विन्ड चाइमस**

वास्तुशास्त्र के मुताबिक नकारात्मकता खत्म करने में ध्वनि का विशेष महत्व है। इसी वजह से पूजा-पाठ या किसी शुभ कार्य के दौरान घंटी, शंख, ताली और अन्य वाद्ययंत्र बजाए जाते हैं, इससे सकारात्मकता आती है। घर के मुख्य द्वार पर विंड चाइम्स लगाने से भी घर में खुशहाली और पॉजिटिव एनर्जी आती है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



# दिल्ली और पंजाब का मैच पुणे की जगह अब मुंबई में

## दिल्ली कैपिटल के मार्श और दो स्टाफ के पॉजिटिव आने के बाद फैसला

दिल्ली / यूटर्न: आईपीएल में कोरोना की एंट्री के बाद मंगलवार को बड़ा फैसला लिया गया है। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच कल यानी बुधवार को होने वाला मैच पुणे में नहीं खेला जाएगा। अब ये मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में ही होगा, जहां पर दिल्ली कैपिटल्स की टीम क्वारैंटाइन है। दिल्ली के ऑलराउंडर मिचेल मार्श और तीन स्टाफ मेंबर्स के पॉजिटिव आने के बाद यह फैसला लिया गया है। BCCI के मुताबिक दिल्ली के सभी खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट मंगलवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। इसकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। इस बीच खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए गवर्निंग बॉडी ने मैच का वेन्यू बदलने का फैसला किया है।

दिल्ली की पूरी टीम अभी मुंबई में ही क्वारैंटाइन




16 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स के खिलाफ मैच से पहले हुए कोरोना टेस्ट में दिल्ली टीम के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उसके बाद सभी खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट लगातार किया जा रहा है। वहीं, सोमवार को दिल्ली के खिलाड़ी मिचेल मार्श का एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आया, जिसके बाद उनका सोमवार को ही दो बार RTPCR टेस्ट हुआ। पहली रिपोर्ट निगेटिव आई थी, दूसरी रिपोर्ट फिर पॉजिटिव आई। जिसके बाद देर रात उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया। मार्श के अलावा दिल्ली टीम के एक डॉक्टर, 1 सोशल मीडिया टीम का मेंबर और मसाज थेरेपिस्ट भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। संक्रमण के चलते पूरी टीम को क्वारैंटाइन किया गया है।

पिछले सीजन में 8 लोग पॉजिटिव आने के बाद टूर्नामेंट रोका गया था

1. पिछले साल अप्रैल-मई में खेले जा रहे IPL के 14वें सीजन में 3 दिन में 3 टीमों के 4 खिलाड़ी, 2 कोच और 2 अन्य स्टाफ के कोरोना संक्रमित होने के बाद IPL को 29 मैचों के बाद ही रोक दिया गया था। बाद में IPL के बचे हुए 31 मैच अक्टूबर में UAE में खेले गए।

2. सबसे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के वरुण चक्रवर्ती समेत दो खिलाड़ी कोरोना की चपेट में आ गए थे, जिसके बाद कोलकाता और बेंगलुरु का मैच टाल दिया गया था। KKR के मैच के बाद दिल्ली कैपिटल्स की पूरी टीम को क्वारैंटाइन कर दिया गया था। उसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के तीन सदस्य भी कोरोना की चपेट में गए थे, जिसमें बॉलिंग कोच लक्ष्मीपति बालाजी भी शामिल थे।

3. इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के ऋद्धिमान साहा भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। बाद में दिल्ली कैपिटल्स के अमित मिश्रा भी पॉजिटिव हो गए थे। इनके अलावा दिल्ली के स्टेडियम के कुछ स्टाफ को कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। जिसके बाद IPL को रोक दिया गया था।


# बिकिनी में नजर आईं सारा



बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जो कि काफी तेजी से वायरल हो रही हैं। सारा अली खान इन तस्वीरों में कलरफुल टू पीस में दिखाई दे रही हैं। बीच पर पटौदी गर्ल का ये बिंदास अंदाज काफी पसंद किया जा रहा है। बिकिनी में सारा कभी रेत में लेटी तो कभी पानी में खड़ी होकर पोज दिती दिखाई दीं। सारा भी अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सारा के वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछली बार उन्हें साउथ एक्टर धनुष और अक्षय कुमार के साथ 'अतरंगी रे' में देखा गया था। सारा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी एक से एक खास तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इस दौरान सारा अली खान सन बाथ लेती भी दिखाईं दीं।

# रिलीज हुआ 'जायेश भाई जोरदार' का ट्रेलर

जयेशभाई बनकर रणवीर एक फनी अंदाज में सोशल मैसेज लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार था और ट्रेलर रिलीज के बाद फैंस की उम्मीदें रणवीर सिंह से और भी ज्यादा बढ़ गई है। जी हां, एक बार फिर मैदान लूटने के लिए 'जयेशभाई जोरदार' बनकर आ रहे हैं रणवीर सिंह। रणवीर सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म जयेशभाई जोरदार का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया। सामने आए ट्रेलर में सोशल मैसेज के साथ एंटरटेनमेंट का फुल डोज भी देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में कॉमेडी के साथ ही समाज को एक संदेश भी दिया जा रहा है। फिल्म में रणवीर के साथ शालिनी पांडे, बोमन ईरानी और रत्ना पाठक लीड रोल में है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को दिव्यांग ठक्कर ने डायरेक्ट किया है। ये दिव्यांग की बतौर डायरेक्टर पहली फिल्म है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा की ये फिल्म इसी साल 13 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। क्या है फिल्म की कहानी रणवीर सिंह ने फिल्म का ट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर भी रिलीज किया है। उन्होंने क्लिप शेयर कर लिखा- देखिए जयेशभाई जोरदार का ट्रेलर। 13 मई को अपने नजदीकी सिनेमाघरों पर #YRF50 के साथ #JayeshbhaiJordaar मनाएं! @shalzp @yrf #जयेशभाईजोडॆर13 मई।



# हुमा की नई फिल्म का पोस्टर जारी



बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपने फैंस का अब नए अवतार से दिल जीतने वाली हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की घोषणा कर दी है। हुमा कुरैशी की नई फिल्म का नाम 'तरला' है। उनकी यह फिल्म मशहूर महिला कुक तरला दलाल की जिंदगी से प्रेरित है। हुमा कुरैशी ने अपनी नई फिल्म की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। हुमा कुरैशी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए अक्सर खास तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हुमा कुरैशी अपनी नई फिल्मों और वेब सीरीज की घोषणा भी सोशल मीडिया के जरिए करती रहती हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म तरला का पोस्टर शेयर किया है। इसमें हुमा कुरैशी का फिल्म से जुड़ा लुक भी दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में हुमा कुरैशी ग्रहणी के अवतार में नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीर में साड़ी पहनी हुई है। वहीं कमर में बेलन लगाया हुआ है। हुमा कुरैशी के पोस्टर के बैकग्राउंड में ढेर सारी भारतीय मसाले नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनका अलग लुक देखने को मिल रहा है।

खुद बोलती तस्वीर





सोमबुद्धा सेन गुप्ता

वैस्ट बंगाल के हुगली में सरकारी नौकरी करने वाले लाजवाब आर्टिस्ट सोमबुद्धा सेन गुप्ता का यह कलर पेंसिल वर्क है, जिसे शेड के लिए एयर-ब्रश इस्तेमाल किया गया...

# धार्मिक जुलूस के लिए इजाजत जरूरी, लाउडस्पीकर की आवाज धर्मस्थल से बाहर न जाए: सीएम योगी

लखनऊ / यूटर्न: दिल्ली में हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा के दौरान हुए उपद्रव के बाद योगी सरकार अलर्ट मोड में है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए योगी सरकार ने अफसरों के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक 4 मई तक सारे अफसरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। जो अवकाश पर हैं उन्हें 24 घंटे के अंदर ऑफिस जॉइन करने को कहा गया है। सोमवार को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी मंडलों के मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, ADG जोन, IG और DIG शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व-त्योहार हैं। रमजान का महीना चल रहा है।

ईद का त्योहार और अक्षय तृतीया एक ही दिन होना संभावित है। ऐसे में वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। सीएम का आदेश है कि थानाध्यक्ष से लेकर एडीजी तक अगले 24 घंटे के भीतर अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं और समाज के अन्य सम्मानित लोगों के साथ संवाद बनाएं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। ड्रोन का उपयोग कर स्थिति पर नजर रखें। हर दिन शाम को पुलिस-बल फुट-पेट्रोलिंग जरूर करे। PRV 112 एक्टिव रहे। सीएम ने कहा कि धार्मिक विचारधारा के अनुसार सभी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की स्वतंत्रता है। माइक का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित हो कि उसकी आवाज परिसर से बाहर न आए। अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। धार्मिक कार्यों के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल हो सकता है। नए स्थलों पर माइक न लगाए जाएं। शोभा यात्रा, जुलूस बिना अनुमति के नहीं निकलेंगे। सौहार्द्र न बिगड़ने पाए इसके लिए आयोजकों को शपथ-पत्र देना होगा। CM योगी का निर्देश है कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों। यह सुनिश्चित करें कि सड़क मार्ग, यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो।

हर एक पर्व शांति और सौहार्द्र के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों के दृष्टिगत सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से पेश आएं। ऐसे लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सूबे के हर एक नागरिक की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें अपने इस दायित्व के प्रति सदैव सतर्क और सावधान रहना होगा। तहसीलदार, एसडीएम, थानाध्यक्ष और सीओ आदि, सभी अपनी तैनाती के क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें।




## गुडंबा थाने के एसएचओ को निलंबित करने के आदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों पहले एक बालिका के उत्पीड़न के प्रकरण में लखनऊ कमिश्नरेट के भीतर गुडम्बा थाना क्षेत्र में लापरवाही की घटना प्रकाश में आई है। फायरिंग की सूचना मिली है। संबंधित आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए।

विवादों में संगीतकार इलैयाराजा की किताब

# मोदी और अंबेडकर की तुलना पर कांग्रेस-डीएमके ने जताया विरोध

चेन्नाई / यूटर्न: तमिलनाडु के संगीतकार इलैयाराजा की किताब अंबेडकर एंड मोदी पर बवाल हो गया है। दरअसल, इलैयाराजा ने अपनी किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना डॉ. बीआर अंबेडकर से की है। इस पर DMK और कांग्रेस उनके खिलाफ हो गए हैं। हालांकि, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इलैयाराजा का बचाव किया है। नड्डा ने कहा कि तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोग भारत के सबसे बड़े संगीतकारों में से एक को अपमानित कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि उनके विचार एक राजनीतिक दल के लिए सही नहीं हैं। नड्डा ने पूछा, 'क्या यही लोकतंत्र है? हर किसी के अपने विचार हो सकते हैं, इस पर उनका अपमान क्यों करना? नड्डा ने इस दौरान ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में ए आर रहमान ने अमित शाह के हिंदी को एकीकृत भाषा के रूप में बोले जाने के बयान पर प्रतिक्रिया दी थी। रहमान ने कहा था कि तमिल को देश में लिंक भाषा होना चाहिए। इस पर उनकी प्रशंसा की जा रही है। नड्डा ने कहा कि दोनों ही संगीतकारों की अपनी-अपनी सोच है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 78 साल के इलैयाराजा को दुनिया भर में उनके संगीत के लिए कई नामों से जाना जाता है, जैसे कि 'उस्ताद,' इसाइगनी' (संगीत के संत), लेकिन इन नामों ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल होने से नहीं बचाया।




# पुलवामा में दहशतगर्द नेआरपीएफ जवानों को मारी गोली, हेड कांस्टेबल शहीद

जम्मू / यूटर्न: जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के काकापोरा रेलवे स्टेशन के नजदीक आतंकी हमला हुआ। सोमवार शाम करीब 6 बजे हुए हमले में रेलवे सुरक्षा बल का एक जवान शहीद हो गया, जबकि दूसरा घायल हो गया। हमले का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक दहशतगर्द आराम से चलते हुए आरपीएफ पोस्ट पर मौजूद जवानों के करीब आता है और पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर भाग निकलता है। आतंकी ने सुरक्षाकर्मियों को बेहद नजदीक से गोली मारी है। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां एक सुरक्षाकर्मी हेड कांस्टेबल सुरिंदर कुमार सिंह इलाज के दौरान शहीद हो गए। हमले में घायल एएसआई देवराज कुमार का इलाज चल रहा है। उन्हें भी गोली लगी है। ये दोनों जवान काकापोरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सम्पति की सुरक्षा में तैनात थे और पास की ही एक दुकान में चाय पी रहे थे।

# पुरानी रंजिश के चलते सपा नेता की पीट-पीटकर हत्या

लखनऊ / यूटर्न: पीजीआइ इलाके के रेवतापुर में सोमवार दोपहर 26 वर्षीय सपा नेता रोहित कुमार पर पड़ोस में रहने वाले सचिन ने आधा दर्जन साथियों के साथ हमला बोल दिया। हमले के दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियार से वार किया। जिससे रोहित घायल हो गए। गंभीर हालत में उन्हें क्षेत्र स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां, मंगलवार दोपहर रोहित की मौत हो गई। पुलिस ने सचिन समेत दो नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चिरैयाबाग में रहने वाले रोहित कुमार समाजवादी पार्टी की व्यापार सभा में पूर्व जिला सचिव थे। रोहित की मां उर्मिला देवी ने बताया कि सोमवार दोपहर बेटे को रेवतापुर निवासी सचिन यादव ने फोन कर सेक्टर आठ स्थित बाजार बुलाया था। बेटा पहुंचा तो सचिन यादव और शिवकुमार ने पांच साथियों के साथ बेटे से गाली-गलौज करने लगे। बेटे के विरोध पर सभी हमलावर हो गए।

सचिन, शिवकुमार और उसके साथियों ने बेटे को लाठी-डंडों और सरिया और धारदार हथियार से बेटे पर हमला बोला। हमले में बेटा बुरी तरह घायल हो गया। शोर सुनकर जबतक आस पड़ोस के लोग दौड़े हमलावर भाग निकले। बेटे को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर दो ले जाया गया। जहां, इलाज के बाद रात उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर घरवाले फिर रोहित को ट्रामा लेकर पहुंचे जहां दोपहर उसकी मौत हो गई।

## पिकअप पलटने से 10 की मौत, 8 घायल

झुंझुनूं / यूटर्न: झुंझुनूं में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 किशोर और 2 महिलाएं शामिल हैं। 8 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को झुंझुनूं के BDK अस्पताल लाया गया। घटना जिले के गुढागौड़जी की है। मंगलवार दोपहर लीलो की ढाणी के पास उदयपुरवाटी-गुढा रोड पर पिकअप अचानक पलट गई। अहीरों की ढाणी (कृष्ण नगर) के ये लोग लोहार्गल अस्थि विसर्जन करने गए थे। गाड़ी में 18 लोग सवार थे। लौटते समय दुर्घटना हो गई। हादसे में कैलाश (35) पुत्र गिरधारी लाल यादव, भंवरलाल (35) पुत्र रिछपाल यादव, सुमेर (50) पुत्र गिरधारी लाल यादव, राजबाला (35) पत्नी सुमेर यादव, अर्पित (15) पुत्र शिवकरण यादव, मनोहर (50) पुत्र प्रभात राम, नरेश (16) पुत्र श्रवण यादव और कर्मवीर (20) पुत्र सुमेर की मौके पर मौत हुई है।

# बाज नहीं आ रहा चीन: एलएसी से सटे हॉट स्प्रिंग में लगाए 3 मोबाइल टावर

बीजिंग। चीन ने एलओसी से सटे हॉट स्प्रिंग में 3 मोबाइल टावर लगाए हैं। लद्दाख के चुशुल क्षेत्र के पार्षद कोन्चोक स्तान्जिन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है। कोन्चोक ने कहा कि चीन सीमा के पास मोबाइल टावर बना रहा है, यह भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है।

चीन पहले ही भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। चीन इन टावर का इस्तेमाल भारतीय क्षेत्र में निगरानी के लिए कर सकता है। कोन्चोक ने कहा कि चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। बीते दिनों चीन ने पैंगोंग झील पर पुल बनाया था और अब हॉट स्प्रिंग में



तीन मोबाइल टावर लगाए हैं। क्या यह चिंता का विषय नहीं है? चुशुल पार्षद ने कहा कि भारत-चीन सीमा से सटे भारत के उन गांव में 4जी की सुविधा नहीं है, जहां लोग रहते हैं। मैं जिस क्षेत्र में रहता हूं वहां के 11 गांव 4जी नेटवर्क सेवा के दायरे के बाहर हैं। सीमा से सटे इलाकों के विकास पर ध्यान न देकर हम पिछड़ रहे हैं। हमारे पास केवल एक मोबाइल टावर है वहीं चीन के पास 9 टावर हैं। 16 जनवरी को सैटेलाइट इमेज से पता चला था कि चीन पैंगोंग त्सो झील के दूसरी तरफ नया ब्रिज बना रहा है। इसकी लंबाई 400 मीटर से अधिक है।

यह पुल 8 मीटर चौड़ा है और पैंगोंग के उत्तरी तट पर चीनी सेना के एक ठिकाने के करीब है। वहीं भारत ने चीन की इस हरकत पर ऐतराज जताया था। भारत ने कहा कि वह निगरानी बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, चीन उस क्षेत्र में पुल बना रहा है, जिस पर पिछले करीब 60 साल से चीन का अवैध कब्जा है।

## चुनाव जीतने के लिए दंगे का माहौल बना रही भाजपा: संजय राउत

मुंबई / यूटर्न: लाउडस्पीकर विवाद और दिल्ली में हिंसा के बीच शिवसेना संसद संजय राउत ने केंद्र सरकार पर एक गंभीर आरोप लगाया है। में शिवसेना सांसद ने कहा, 'देश के दो प्रमुख शहरों दिल्ली और मुंबई में जिस तरह से दंगों का माहौल बनाया गया है, ये दुर्भाग्यपूर्ण हैं। दिल्ली में नगर निगम चुनाव आने वाले हैं और उस चुनाव को जीतने के लिए ये सब किया जा रहा है। मुंबई में भी बीएमसी के चुनाव नजदीक हैं और यही वजह है कि यहां लाउडस्पीकर का मुद्दा उठाया गया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने 3 मई तक राज्य में सभी मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने का अल्टीमेटम दिया है। इस बीच आज गृह विभाग लाउडस्पीकर को लेकर नई गाइडलाइन जारी कर सकती है। इसे लेकर डीजीपी रजनीश सेठ मुंबई में जिले के आला पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma